25

K26U 1147

Reg. No. : ..............................

Name : ...................................

**IV Semester B.A./B.Sc. Degree (CBCSS – OBE – Supplementary/ Improvement) Examination, April 2026**
**(2020 to 2023 Admissions)**
**ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI**
**4A10HIN : नाटक और एकांकी : Natak Aur Ekanki**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) 'चरवाहे' एकांकी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

2) 'ममता का विष' एकांकी की कथावस्तु लिखकर उसकी मनोवैज्ञानिकता पर विचार कीजिए ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) नाटक के तत्वों के आधार पर 'माधवी' नाटक का मूल्यांकन कीजिए ।

4) ''भीष्म साहनी ने 'माधवी' नाटक के माध्यम से देह की राजनीति एवं स्त्री अस्मिता पर विचार करने का महत्वपूर्ण प्रयास किया है ।'' – इस कथन का समर्थन कीजिए ।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(3×3=9)**

5) इस गुलामी से वह गरीबी हज़ार दर्जे अच्छी है । यह रोज़-रोज़ का अपमान, ताने-मेहने, तन और मन की कैद ! तन-मन आज़ाद हो तो भूख-प्यास सही जा सकती है ।

6) सम्राट, आपकी जीत ही में आपकी सबसे भारी हार है । आपने कलिंग की धरती को जीता है, उसकी आत्मा को नहीं ।

7) लोग कहते थे, जैसे मरुस्थल में भटकनेवाला व्यक्ति झरने की ओर भागता है, वैसे की हताश व्यक्ति ययाति के द्वार की ओर उन्मुख होता है । ययाति ने आज तक किसी को खाली हाथ नहीं लौटाया है ।

8) संसार तुम्हें ही तपस्वी और साधक कहेगा, मेरे पिता को दानवीर कहेगा और मुझे ? चंचल वृत्ति की नारी, जिसका विश्वास नहीं किया जा सकता ।

P.T.O.



IV. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर **100** शब्दों में लिखिए । **(3×3=9)**

9) 'कलिंग विजय' एकांकी की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

10) 'ममता का विष' एकांकी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

11) गालव की चरित्रगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

12) ययाति किस उद्देश्य से अपनी पुत्री को दान में गालव को सौंप देते हैं ?

V. किन्हीं **आठ** प्रश्नों के **दो** वाक्यों में उत्तर लिखिए । **(8×1=8)**

13) विष्णु प्रभाकर के नाटकों के नाम लिखिए ।

14) सुशील कौन है ?

15) गायिका वास्तव में कौन है ? वह कहाँ से आ रही है ?

16) वीतशोक को लिखे पत्र में रेखा ने क्या निर्देश दिया था ?

17) 'चरवाहे' एकांकी के प्रमुख पात्र कौन-कौन हैं ?

18) विश्वामित्र ने गालव से कौन-सी गुरुदक्षिणा माँगी ?

19) गुरुदक्षिणा के बारे में जानकर ययाति गालव को क्या सुझाव देते हैं ?

20) अश्वमेधी घोड़े के लक्षण क्या-क्या हैं ?

21) ययाति के आश्रम में कौन कौन-से समारोह एक साथ चल रहे हैं ?

22) गालव की गुरु-दक्षिणा जुटा पाने के लिए माधवी को किन किन राजाओं के अंतपुर में रहना पड़ा ?

_______________